## खबर संक्षेप

### एबीवीपी ने की रिजल्ट जारी करने की मांग

जींद। सीआरएसयू में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई के अध्यक्ष राहुल ने बताया कि विवि द्वारा पीजी 3 सेमेस्टर का रिजल्ट जारी नहीं किया। जिसके एग्जाम दिसंबर 2024 में हुए थे। जिसमें से मैथ्समैथिक्स, साइकोलॉजी, फाइन आर्ट्स, म्यूजिक कॉमर्स का रिजल्ट जारी भी नहीं जारी किया। जिससे अब विद्यार्थियों को समझ नहीं आ रहा है कि वह स्पेशल चांस का फॉर्म भरे या नहीं भरें।

### बढ़े बिजली दामों के विरोध में इनेलो का प्रदर्शन आज

जींद। प्रदेश में बीजेपी सरकार द्वारा बिजली के रेटों में चार गुणा वृद्धि करने के विरोध में इनेलो पार्टी मंगलवार को पंचकूला में विरोध प्रदर्शन करेगी। इनेलो जिलाध्यक्ष विजेंद्र रेढू ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा बिजली के बिलों में की गई भारी बढ़ोत्तरी के कारण प्रत्येक परिवार का बजट गड़बड़ा गया है। तीन से चार गुणा बिजली के बिलों में बढ़ोततरी की गई है।

### संयुक्त किसान मोर्चे के धरने का 1167वां दिन

नरवाना। तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में आज भी 1167 वें दिन भी जारी रहा जिस की अध्यक्षता हवा सिंह डूमरखां ने की और मंच संचालन निहाल सिंह गुरूसर ने किया । मंच सांझा करते हुए मास्टर बलजीत सिंह माण्डी ने बताया कि किस प्रकार सरकार किसान और किसानी की जड़ों में मढ़ा डालने का काम रही है।

### हरियाणवी बोली भाषा बनने में पूर्णतया सक्षम

जींद। हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने बताया कि हरियाणवी बोली भाषा बनने में पूर्णतया सक्षम है। इसके लिए हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी ने विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है। उन्होंने बताया कि सरकार के अंतर्गत हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी ने एक वर्ष से हरियाणवी बोली को भाषा बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं।

### रामलीला के मंचन को लेकर पहली बैठक

नरवाना। रामलीला के मंचन को लेकर पहली बैठक बीरबल नगर स्थित केंद्र प्रधान के कार्यालय में हुई। अध्यक्षता केंद्र प्रधान भारत भूषण गर्ग ने की। बैठक को शुरु करने के बाद ही सभी सदस्यों के विचार व सुझाव लिए गए। सभी ने मंचन को इस बार पहले से ज्यादा बेहतर बनाने को लेकर बात रखी। सबसे बड़ी बात निकलकर सामने आई कि इस बार जितने भी ज्यादा हो सके कलाकारों को भी जोड़ा जाए।

### विद्या वही है जो मनुष्य के अंदर विद्यमान है : शर्मा

जींद। विद्या भारती एवं हिन्दू शिक्षा समिति से सम्बद्ध गोपाल विद्या मंदिर स्कूल में 4 द्विवसीय पंचपदी शिक्षण पद्धति कार्यशाला का समापन विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा, जींद संकुल प्रमुख व जींद संकुल के प्रधानाचार्यों की सशक्त टीम के नेतृत्व में हुआ। जगन्नाथ के साथ जींद संकुल प्रमुख विनोद, रणधीर शास्त्री प्रधानाचार्य श्री शिव सनातन धर्म विद्यालय उचाना मौजूद रहे।

### बूथ में रखी दो पेटी वीटा घी चोरी, केस

जींद। रोहतक रोड विश्वकर्मा चौक के पास स्थित वीटा बूथ पर बीती रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर बूथ में रखी दो पेटी वीटा घी सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए। बूथ मालिक रामचंद्र ने इस संबंध में रोहतक रोड चौकी में शिकायत दर्ज करवाई है। चोरी की सीसीटीवी फूटेज भी पुलिस को सौंपी गई है।

### नाबालिग से अश्लील हरकत, मामला दर्ज

जींद। नाबालिग छात्रा के साथ अशील हरकत करने तथा धमकी देने पर शहर थाना पुलिस ने एक किशोर के खिलाफ अशील हरकत करने, धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 12 वर्षीय बेटी संस्था के स्कूल में पढ़ती है।

---

### नटराज उत्सव में नृत्य कलाकारों ने अपनी कला से मोहा मन

# इशिका गोस्वामी बनीं नटराज उत्सव ओवरआल चैंपियन

### बॉलीवूड, पंजाबी, हरियाणवी गीतों पर मचाया धमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





अग्रवाल धर्मशाला में सृष्टि फाउंडेशन द्वारा नटराज उत्सव का आयोजन किया गया। इस डांस कंपीटिशन में डांस कलाकारों व डांस गुरुओं ने अपनी नृत्य कला से सबका मन मोह लिया। सृष्टि फाउंडेशन के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि उत्सव में बच्चों, गुरूओं, युवतियों व महिलाओं ने एक से बढ़ कर एक नृत्य की प्रस्तुति दी। इशिका गोस्वामी ओवरआल चैंपियन बनी। इस कार्यक्रम की विशेषता यह है कि पहली बार नटराज भगवान की कला का प्रसार करने वाले डांस गुरुओं को भी स्टेज पर सम्मानित किया गया। बॉलीवूड, पंजाबी, हरियाणवी गीतों पर मचाया धमाल सृष्टि फाउंडेशन के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि प्रतिभागियों ने बालीवूड, पंजाबी व हरियाणवी गीतों पर एक-एक कर प्रस्तुति देने का काम किया। ज्यों-ज्यों कार्यक्रम आगे बढ़ता गया त्यों-त्यों प्रतिभागियों की हौंसलाअफजाही के लिए भी लोगों में उत्साह बढने लगा। डांस का अधिकतम समय अढाई मिनट रहा। इन अढाई मिनटों में प्रतिभागियों ने अपनी नृत्य कला से सबको मोहित किया और जमकर तालियां बटौरी। सृष्टि फाउंडेशन की महिला प्रमुख डा. सीमा रघुवंशी ने बताया कि इस डांस कार्यक्रम में सृष्टि संस्था के किसी भी सदस्य व बच्चों ने भाग नही लिया। बेहतरीन डांस करने वाले प्रतिभागियों को सृष्टि स्टार इनाम दिया गया। यह रहे परिणाम डांस कार्यक्रम के प्रकल्प प्रमुख केपी सिंह, सृष्टि फाउंडेशन के संयोजक डा. विवेक सिंगला ने बताया कि जूनियर वर्ग में मीहिका जैन, भूमि, लावण्या, रुतबी कुंडू व अरिहा जैन श्रेष्ठ रहे। जबकि मिडल ग्रुप में इशिका गोस्वामी, प्राची, परी, सोही गर्ग, गुंजन तथा सीनियर ग्रुप में कोमल, तमन्ना तथ ममता श्रेष्ठ रहे। जबकि इशिका गोस्वामी सृष्टि नटराज डांस कंपीटिशन की ओवरआल स्टार चुनी गईं। प्रतियोगिता में जज की भूमिका अबोहर पंजाब से आए डांसर व कोरियोग्राफर वेद प्रकाश अल्लाह ने शानदार तरीके से निभाई।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सृष्टि प्रधान प्रमोद बंसल, सचिव संजय सिंगला, कैशियर पियूष बंसल, अनिल सिंघल, अनिल मंगला, सुरेंद्र गर्ग, सुनील, राजेश गर्ग व आशीष भारद्वाज तथा महिला प्रमुख डा. सीमा सिंह, निशा सिंगला, अंजू सिंगला, मंजू सिंगला, मनीषा बंसल, डा. मंजू सिंगला समेत सृष्टि परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

---

# स्वयंसेवकों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते छात्रा।

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत चल रहे राज्यस्तरीय सात दिवसीय शिविर का समापन विशेष कार्यक्रम के साथ सोमवार को किया गया। राज्य नोडल अधिकारी डा. दिनेश कुमार ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। प्रधानाचार्या, कार्यक्रम अधिकारी हंसवीर रेढू, देवेंद्र कौशिक द्वारा राज्य नोडल अधिकारी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से की गई। समारोह के दौरान स्वयंसेवकों ने शिविर के सात दिनों में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा दी गई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति ने समां बांध दिया। मुख्यातिथि डा. दिनेश कुमार ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारी निभाने और स्वच्छता के प्रति जागरूक करें बनाने में सहायक होते हैं। उन्होंने युवाओं को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढने की प्रेरणा दी। मुख्यातिथि को शाल व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर पर प्रधानाचार्या, सात दिनों में सहयोगी कार्यक्रम अधिकारियों व शिक्षकगण को भी सम्मानित किया गया। पर्यावरण जागरूकता अभियान सहित अन्य गतिविधियों में बढिय़ा प्रदर्शन करने वाले सभी एनएसएस स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी सतीश, राजीव, देवेंद्र कौशिक, राजेश, शशिकांत, वंदना, मोनिका, सुनीता सहित स्कूल स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।


अलेवा। नगूरां बाबा जोखानाथ मंदिर में आयुष्मान शिविर में भाग लेते लाभार्थी।

### 58 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए

अलेवा। स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान भारत योजना के तहत नगूरां गांव के बाबा जोखानाथ मंदिर में शिविर का आयोजन किया गया। दौरान 58 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। इस दौरान लोगों को घर-घर तक यह फैलाना है, भारत तो आयुष्मान बनाना है नामक स्लोगनों से जागरूक किया। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि सरकार आयुष्मान भारत राष्ट्रीय सुरक्षा योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों के लिए प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का फ्री ईलाज सुविधा उपलब्ध करवाती है। योजना के तहत किसी भी सार्वजनिक या नीजि अस्पताल में कैशलेस लाभ मिलता है। इसके अलावा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आय की परवाह किया बिना स्वास्थ्य लाभ दिया जाता है। स्वास्थ्य कर्मचारी संजय कुमार, डाटा आपरेटर संदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### विनय बने अग्रवाल समाज प्रधान व महावीर संयोजक

जींद। समाजसेवी एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े विनय दिवान को अखिल भारतीय अग्रवाल समाज खंड सफीदों का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल के दिशा-निर्देश पर जिला खंड प्रभारी सावर गर्ग द्वारा की गई है। विनय दीवान पहले भी समाज में उल्लेखनीय भूमिका निभा चुके हैं और उनकी कार्यशैली के कारण उन्हें पुनः यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ-साथ महावीर मितल को अग्रवाल समाज सफीदों खंड का संयोजक नियुक्त किया गया है। महावीर मित्तल समाजसेवा और संगठित कार्यों में वर्षों से सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वही साथ ही प्रमुख व्यापारी प्रवीण मित्तल को महासचिव की जिम्मेवारी दी गई है। इन तीनों पदाधिकारियों की नियुक्तियां करते हुए साथ ही प्रदेश मुख्यालय द्वारा ये निर्देश जारी किए गए है कि खंड अध्यक्ष अपने संयोजक एवं महासचिव के मार्गदर्शन में आगामी एक सप्ताह के भीतर पूरी कार्यकारिणी का गठन सुनिश्चित करें और समाज हित में योजनाबद्ध ढंग से कार्य प्रारंभ करें।

---

### समाधान शिविर सरकार की अनुकरणीय पहल

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सोमवार को जिला स्तरीय समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनीं और तुरंत समाधान के निर्देश दिए। यह शिविर लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें 16 शिकायतें दर्ज की गईं। डीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का निवारण त्वरित और प्रभावी तरीके से किया जाए। कहा कि समाधान शिविर प्रदेश सरकार की अनुकरणीय पहल है। जो जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनने और उनका समाधान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। यह शिविर प्रशासनिक पारदर्शिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ आमजन और अधिकारियों के बीच संवाद का मजबूत माध्यम बन गए हैं। शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को सुना गया, जिनमें समाधान शिविर में बड़ौदा निवासी द्वारा डीसी के सम्मुख सौर ऊर्जा कनैक्शन लगाने बारे अपनी शिकायत रखी। जिस पर कड़ा संज्ञान लिया गया और अधिकारियों को जल्द से जल्द किसान के खेतों में ऊर्जा का कनैक्शन जल्द से जल्द लगवाया जाए।



समाधान शिविर में आमजन की शिकायतों को सुनते डीसी मोहम्मद इमरान रजा।


जींद। वीरेंद्र धनखड़ को सेवानिवृति पर सम्मान करते रोडवेज कर्मचारी।

### 38 वर्षों की सेवा के बाद वीरेंद्र सेवानिवृत

जींद। रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह धनखड़ सोमवार को सेवानिवृत हुए। वो हरियाणा राज्य परिवहन जींद डिपो में बतौर भंडार क्रय अधिकारी के पद से राजपत्रित अधिकारी के रूप में 58 वर्ष की सेवा उपरांत सेवानिवृत हुए। उनके सम्मान में जींद, नरवाना, सफीदों के समस्त कर्मचारियों द्वारा बहुत ही साधारण परंतु गरिमापूर्ण विदाई समारोह का आयोजन जींद कर्मशाला के प्रांगण में किया गया। कर्मचारी नेता अनूप लाठर ने बताया कि वीरेंद्र धनखड़ ने नौ जून 1987 को राज्य परिवहन के हिसार डिपो में सरकारी सेवा ज्वायन की। 38 वर्षों की सेवा के दौरान भिवानी, दादरी, झज्जर, कुरुक्षेत्र तथा जींद डिपो में सेवाएं दी। उन्होंने विभाग में कार्यरत रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ में डिपो के प्रधान से लेकर प्रदेशाध्यक्ष के पद तक प्रदेश के कर्मचारियों द्वारा ट्रेड यूनियन अधिकारों के तहत लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के अनुसार निर्वाचित किया गया। इस मौके पर श्रीभगवान लाठर, कुलदीप सिंह, अशोक गोरिया सहित अनेक कर्मचारी नेता मौजूद रहे।

### सेमिनार का किया आयोजन

जींद। महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से अर्बन एस्टेट स्थित एचकेसीएल कंप्यूटर सेंटर में सोशल मीडिया दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया। संगठन के अध्यक्ष राजकुमार भोला मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ प्रशिक्षक अंकिता खटकड़, अजय वर्मा एवं मीना भी विशेष रूप से मौजूद रहे। राजकुमार भोला ने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम बन चुका है। जिसने न केवल संवाद के तरीके को बदला है बल्कि युवाओं को वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बनाने का अवसर भी दिया है। बताया कि 30 जून को प्रतिवर्ष सोशल मीडिया डे मनाया जाता है। जो हमें सोशल मीडिया की उपयोगिता और जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करता है। यह मंच सामाजिक बदलाव, व्यवसायिक विकास, रचनात्मकता के विस्तार और जनसंपर्क के क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रहा है। सेमिनार के दौरान सोशल मीडिया के समाज और युवाओं पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर भी चर्चा की।


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते राजकुमार भोला। फोटो :हरिभूमि


जींद। नीरज को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### हैंडबॉल चैंपियनशिप में नीरज ने जीता सिल्वर

जींद। जूनियर गर्ल्स नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप बिहार में हुई। जिसमें हिंदू कन्या महाविद्यालय की खिलाड़ी नीरज ने सिल्वर मेडल हासिल किया। कॉलेज की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने कहा कि हमारे महाविद्यालय ने खेलों के क्षेत्र में बहुत उपलब्धियां प्राप्त की हैं। शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका डा. मीना ने कहा कि खेलों का जीवन में बहुत महत्व है। खेलों से खिलाड़ी का शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व भावात्मक विकास होता है। कॉलेज समिति के प्रधान डा. अंशुल सिंगला व मैनेजमेंट के सदस्यों व नीलम ने खिलाड़ी को बधाई दी।

---


जींद। प्रतियोगिता में विजेता रहे आशीर्ष। फोटो :हरिभूमि

### आशीष ने अफगानिस्तान का पहलवान हराया

जींद। जींद के प्रोफेशनल फाइटर आशीष अहलावत ने गोवा में हुई इंटरनेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अफगानिस्तान के पहलवान को एकतरफा हराया। आशीष की जीत से जिले में खुशी का माहौल है। 28 और 29 जून को गोवा में इंटरनेशनल प्रो. बाक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा समेत कई राज्यों से फाइटर पहुंचे थे तो अफगानिस्तान और यूएई से भी फाइटर इसमें हिस्सा ले रहे थे। करीब आठ फाइट हुई। इसमें आशीष का मुकाबला अफगानिस्तान के फाइटर ताहिर कुरम के साथ हुआ। इसमें दोनों के बीच चार राउंड हुए। चारों राउंड में आशीष अहलावत आगे रहा। आशीष के पंच के आगे ताहिर ज्यादा देर तक नहीं टिक पाया। चौथे राउंड के बाद ताहिर कुरम ने अपनी हार स्वीकार कर ली और फाइट छोड़ने का फैसला लिया। आशीष अहलावत को विजेता घोषित किया गया। बॉक्सिंग क्लब के प्रधान दीपक मलिक शामलो सहित अन्य ने आशीष अहलावत का स्वागत किया गया। आशीष अहलावत जींद के अर्जुन स्टेडियम में बॉक्सिंग की प्रेक्टिस करवाते हैं।

# शिक्षकों को मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। कार्यशाला में भाग लेते अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सफलतापूर्वक सीबीएसई का कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित किया। शिक्षकों के सतत विकास और प्रशिक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते सुप्रीम सीसे स्कूल को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में लाइफ स्किल्स बेसिक विषय पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। विशेष कार्यशाला में केवल सुप्रीम स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन रितका और नवीन कुमार रहे। उन्होंने शिक्षकों को जीवन कौशलों के विभिन्न पहलुओं जैसे आत्मप्रबंधन, सहानुभूति, प्रभावी संवाद, सहयोग, नेतृत्व और समस्या समाधान पर व्यावहारिक गतिविधियों, समूह चर्चाओं व प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। सत्र अत्यंत रोचक सहभागितापूर्ण और प्रभावी रहा। विद्यालय के प्राचार्य सत्येन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि हमारे विद्यालय का उद्देश्य है कि हमारे शिक्षक हर क्षेत्र में दक्ष हों। इस तरह के प्रशिक्षण सत्र उनके संपूर्ण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. डीपी जैन, उपाध्यक्ष बलवान कौशिक तथा निदेशक शरद अत्री ने भी कार्यक्रम की सराहना करते कहा कि सुप्रीम स्कूल अपने स्टाफ के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है और समय-समय पर इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित करता है।


विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का आभार प्रकट करने पहुंचे एडवोकेट अजय अलीपुरा।

### विधायक का आभार जताया

उचाना। जिला कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्य बनने पर मनोनित सदस्यों द्वारा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से मुलाकात कर उनका आभार प्रकट किया। पूर्व पार्षद रामदिया, युवा भाजपा नेता एडवोकेट अजय अलीपुरा अपनी टीम के साथ विधायक आवास पर पहुंचे। मनोनित सदस्यों ने कहा कि जो सम्मान संगठन द्वारा देने का काम किया है उसका वो ताउम्र आभारी रहेंगे। निरंतर जन समस्याओं को उठाने का काम वो करेंगे। हर महीने कष्ट निवारण समिति की मीटिंग होती है। मीटिंग शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा की अध्यक्षता में होती है। विधायक अत्री ने कहा कि उचाना हलके से 13 गैर सरकारी सदस्य बने है। भविष्य में भी कई कमेटियों के सदस्य बनाए जाने हैं। संगठन के लिए कार्य करने वालों को उसमें प्राथमिकता दी जाएगी। संगठन की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ता होते है जो पार्टी की नीतियों को जन.जन तक पहुंचाने का काम करते है। आज भाजपा पास मेहनती कार्यकर्ताओं की फौज है। कार्यकर्ताओं के बूते, जन कल्याणकारी नीतियों के चलते भाजपा प्रदेश में रिकॉर्ड बनाते लगातार तीसरी बार सत्ता में आई है।

---

### सामाजिक मुद्दों के लिए बुलाई जाएगी महापंचायत : कंडेला

# एक देश एक चुनाव से फिजुल खर्च पर लगेगी लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। पदाधिकारियों के साथ मौजूद टेकराम कंडेला। फोटो :हरिभूमि

सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व जनकल्याण मंच व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने राष्ट्रीय मुख्यालय पर बोलते कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक देश एक चुनाव की जो मुहिम चलाई है। ये देश के लिए सराहनीय काम है। इससे देश में आर्थिकस्थिति में सुधार होगा और विकास की गति तेज होगी। कहा कि 15 अगस्त के बाद संयुक्त संगठन की बैठक बुला कर उत्तरी भारत की महापंचायत बुलाने के लिए तारीख की घोषणा की जाएगी। हमारा संयुक्त संगठन नशा मुक्त हरियाणा किसानों को लाभकारी भाव दिलाना, प्राकृतिक खेती एवं मोटी फसलों को बढ़ावा देना लीव इन रिलेशनशिप को बंद करवाना, एक गांव एक गोत्र में शादी पर रोक लगाना, पर्यावरण को बचाने के लिए हर एक पदाधिकारी को पांच-पांच पौधे लगाना इन सभी मुद्दों को लेकर हमारा संगठन लंबे समय से राष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रहा है। टेकराम कंडेला ने कहा कि इन सभी मुद्दों को मजबूती से उठने के लिए प्रदेश स्तर पर चार टीमों का गठन किया है। एक टीम का नेतृत्व जन कल्याण मंच व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राममेहर कंडेला करेंगे। दूसरी टीम का नेतृत्व जन कल्याण मंच व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष सुनील सिवाच करेंगे। तीसरी टीम का नेतृत्व जन कल्याण मंच के प्रदेश प्रभारी सुभाष बड़सीकरी करेंगे। चौथी टीम का नेतृत्व संगठन के प्रदेश महासचिव अमित निडानी करेंगे। कंडेला ने कहा है कि चारों टीमों को जिम्मेदारी दी है कि प्रदेश के हर जिले में जाकर बैठक कर इन सभी मुद्दों को आगे बढ़ने का काम करें। हरियाणा के संयुक्त संगठन के प्रेस प्रवक्ता सुलतान कंडेला ने बताया है कि इन मुद्दों को उत्तरी भारत में मजबूती से उठाने के लिए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला की जुलाई के माह में राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हिमाचल राज्यों का दौरा करेंगे। मुद्दों को मजबूती देने के लिए और संगठन को मजबूत करके मीटिंग में भाग लेने वालों में किसान यूनियन के प्रधान हजूरा सिंह, कृष्ण नंबरदार, सुरेश बोहतवाला, किसान यूनियन प्रधान अजमेर दालमवाला, मेहताब सिंह अहलावत रामकिशन, लीला आदि मौजूद थे।



जींद। पत्रिका वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### साथी अभियान का शुभारंभ

जींद। जिले के असहाय और बेसहारा बच्चों की पहचान कर उन्हें सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से साथी अभियान की शुरूआत की गई। यह अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा शुरू किया गया है। साथी अभियान के तहत सोमवार को सैसीं बस्ती गांव लोहचब में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिवक्ता देवराज मलिक ने बताया कि इस अभियान के तहत बच्चों का आधार नामांकन कानूनी सहायता और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोडने का कार्य किया जा रहा है। यह समिति विशेष रूप से ऐसे बच्चों की पहचान और सहायता के लिए काम करती है जो तस्करी, बाल श्रम या भिक्षावृति से मुक्त कराए गए हों। सड़कों पर रहने वाले लावारिस या परित्यक्त हों, अकेले हो या कानून के साथ टकराव में हो और जिनके पास कोई समर्थन प्रणाली न हो और किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत देखभाल और संरक्षण की श्रेणी में आते हों। उन्होंने बताया कि साथी अभियान के तहत बेसहारा बच्चों को पहचान करके उनके आधार कार्ड बनवाए जाएंगे।

**खबर संक्षेप**

### चोरों ने रोडवेज बस से लैपटाप चुराया

**कैथल ।** हरियाणा रोडवेज की बस से एक व्यक्ति का लैपटॉप चोरी हो गया। चंदाना गेट कैथल के अमित सैनी ने पुलिस को शिकायत में बताया कि 29 जून को वह पानीपत के टोल टैक्स से कैथल की ओर आ रही बस में सवार हुआ था। ज्यादा भीड़ थी उसके पास दो बैग थे। जैसे ही वह कैथल के बस स्टैंड पर उतरा तो उसने देखा कि उसके बैग से उसका लैपटॉप गायब था। उसने आसपास जांच की तथा पूछताछ भी की लेकिन कोई पता नहीं चला। सिविल लाइन थाना के इंस्पेक्टर राजकरण ने बताया कि मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### महिला बिना बताए हुई घर से लापता

**कैथल ।** गांव रमाना रमानी से एक महिला बिना बताए घर से चली गई। गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 जून को दोपहर के समय उसकी पत्नी बिना बताए घर से चली गई। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर संजय ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साइकिल चोरी करने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल ।** कलायत स्थित मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल से साइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी वार्ड 8 कलायत निवासी बलजीत उर्फ जीता को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अस्पताल की लैब में कार्यरत बढसिकरी खुर्द निवासी अनिल की शिकायत अनुसार 27 जून को उपरोक्त आरोपी बलजीत अस्पताल से साइकिल को चुरा ले गया। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज किया गया था।

### कैथल हाफ मैराथन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**कैथल।** एसडीएम अजय सिंह ने बताया कि 13 जुलाई को सुबह के समय कैथल हाफ मैराथन 2025 का आयोजन होगा। इसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और मैराथन को हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। हाफ मैराथन में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। कोई भी आमजन वेबसाइट पर जाकर तथा स्कैनर के माध्यम से अपना पंजीकरण करवाया सकता है। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 12 लाख रुपये की कुल नकद राशि के पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हॉफ मैराथन तीन कैटेगरी में आयोजित होगी।

### अब डीएवी कॉलेज में इंटर्नशिप अनिवार्य

**गुहला चीका ।** डी.ए.वी. कॉलेज चीका के प्राचार्य डॉ. जसबीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्नातक चौथे सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर दूसरे सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप अनिवार्य कर दी गई है। प्राचार्य डॉ. सिंह ने जानकारी दी कि कॉलेज द्वारा स्किल सेंटर और हार्ट्रोन स्किल सेंटर, चीका के साथ समझौता किया गया है, ताकि विद्यार्थियों को 120 घंटे की इंटर्नशिप प्रदान की जा सके। यह कार्यक्रम 1 जुलाई से 10 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

### युवती को पूछताछ के लिए बुलाया इसके बाद शक के आधार पर हिरासत में लिया

# सीवन थाना में एक महिला और चार पुरुष पुलिस कर्मियों पर महिला से थर्ड डिग्री टॉर्चर का आरोप

**पीड़िता को गंभीर हालत में कैथल के अस्पताल में भर्ती करवाया है, उसके शरीर पर गहरे चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सीवन थाना पुलिस कर्मचारियों पर एक महिला को बर्बरता के साथ पीटने और थर्ड डिग्री टॉर्चर देने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित महिला को गंभीर हालत में परिजनों ने कैथल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया है, जहां उसके शरीर पर गहरे चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि सीवन थाना क्षेत्र में एक युवती की गुमशुगदगी के मामले में इस युवती को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इसके बाद महिला को शक के आधार पर हिरासत में लिया था।

पीड़ित महिला के परिजनों का आरोप है कि पूछताछ के दौरान एक महिला पुलिसकर्मी और चार पुरुष पुलिसकर्मियों ने महिला को थर्ड डिग्री टॉर्चर किया। परिजनों का दावा है कि महिला निर्दोष है फिर भी उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। महिला की हालत और चोट के निशानों ने परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश है।




**कैथल।** महिला के साथ की गई मारपीट अस्पताल में कार्रवाई करते पुलिस कर्मचारी फोटो : हरिभूमि

#### मामले की जांच की जाएगी : डीएसपी

डीएसपी सुशील कुमार ने कहा कि महिला एक मामले में आरोपी है और अगर उसके साथ कोई गलत व्यवहार हुआ है तो इसकी जांच की जाएगी। हालांकि पुलिस की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिख रही जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। इस मामले ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। लोग और सामाजिक संगठन दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। यह मामला पुलिस की कार्यप्रणाली और मानवाधिकारों पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। इधर अस्पताल में भर्ती महिला की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है लेकिन पुलिस कार्रवाई से बचती नजर आ रही है।

- हरियाणा अनुसूचित आयोग ने लिया संज्ञान
- पुलिस को दिया मंगलवार 10 :00 बजे तक अल्टीमेटम

#### पिटाई के आरोप मनगढ़ंत

सीवन थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने कहा कि महिला की पिटाई का कोई मामला थाना परिसर में नहीं हुआ है और लगाए गए आरोप पूरी तरह से झूठे और मनघड़ंत हैं। शनिवार दोपहर को महिला को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया था, लेकिन उसके साथ मारपीट नहीं की गई।

#### डीसी और एसपी कार्यालय पहुंचे परिजन



महिला का पति रोहताश

कैथल के गणमान्य नागरिकों और पीड़ित के परिवार ने डीसी और एसपी कार्यालय पहुंचकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामला सामने आने के बाद सीवन के लोग लघु सचिवालय में डीसी और एसपी कार्यालय में आरोपी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग के लिए पहुंचे। महिला के पति रोहताश व भतीजे सचिन का कहना है कि पुलिस मामले को दबाने की कोशिश कर रही है और उन पर केस को आगे न बढ़ाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप सैनी, भाजपा नेत्री शैली मुंजाल, पूर्व जिला पार्षद मास्टर रतिराम ने मांग की है कि आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोषी कर्मचारियों के खिलाफ मंगलवार प्रातः 10:00 बजे तक कार्यवाही नहीं की तो लोग डीसी और एसपी कार्यालय में धरना देने से पीछे नहीं हटेंगे।

#### हरियाणा अनुसूचित आयोग ने लिया संज्ञान

उधर, इस मामले में हरियाणा अनुसूचित आयोग ने भी संज्ञान लिया है। आयोग के सदस्य रवि तारांवाली ने कहा कि सीवन में एक दलित महिला पर अत्याचार किए जाने का मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कैथल एसपी को फोन करके दो दिन में रिपोर्ट देने के लिए कहा है। रिपोर्ट मिलने के बाद आयोग इसमें संज्ञान लेगा। इसके साथ ही डीसी प्रीति ने पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। साथ ही महिला को निशुल्क कानूनी सहायता भी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

डीसी से मिले गांव के वासी सीवन गांव के निवासियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसी प्रीति को शिकायत में आरोप लगाया था कि एक महिला के साथ पुलिस थाना सीवन में मारपीट की गई है। जिसमें महिला को बुरी तरह से चोटें लगी हैं। डीसी ने ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। डीसी ने पुलिस को इस मामले में रिपोर्ट देने को कहा है। साथ ही महिला को उचित कानूनी सहायता दिलाए जाने बारे भी निर्देश जारी किए हैं।




नारेबाजी कर रोष जताते कर्मचारी फोटो : हरिभूमि

## सरकारी नीतियों के खिलाफ ९ को करेंगे हड़ताल : सुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- राज्य स्तरीय जत्थे चलाकर कर्मियों की गेट मीटिंग की

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व सीटू ने ९ जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर राज्य स्तरीय जत्थे चलाते हुए हनुमान वाटिका, बिजली, पब्लिक हैल्थ व नगरपालिका में कर्मचारियों, मजदूरों और परियोजना कर्मियों की सभाएं एवं गेट मीटिंग की। इसकी अध्यक्षता सयुक्त रूप से एसकेएस के जिला प्रधान शिवचरण व सीटू के जिला प्रधान बसाऊ राम चंदाना ने और संचालन सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा व सीटू के जिला कैशियर जयप्रकाश शास्त्री ने किया। उन्होंने कहा कि राज्य मे लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है और कर्मचारियों,परियोजना कर्मियों ,मजदूरों की उपेक्षा कर रही है, जिसे बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा। एसकेएस और सीटू राज्य सरकार को मांगपत्र भेजकर बातचीत से समाधान करने की अपील कर चुके हैं,लेकिन सरकार समाधान करना नही चहती। इस अवसर पर ओमपाल भाल, रामकुमार शर्मा, छज्जू राम, सावित्री देवी, विजय शर्मा, रमेश, अमरनाथ किठानिया, नरेश रोहेड़ा, ईश्वर सिरोही, रघबीर सिंह, पवन कुमार, दलबीर सिंह, राजकुमार चहल, पृथ्वी सिंह, कृष्ण चंदाना, स्वराज सिंह, दीपेंद्र कोहली, राजेंद्र नैन, सुरेश शर्मा, सतबीर सैनी, गौरव टांक, विक्की टांक, महेंद्र बिड़लान, राजकुमार मचल, जगदीश कुमार,शकुंतला, मंजीत हाबड़ी, रीतू क्योड़क, सुषमा जड़ौला, कविता राजौंद, धूप सिंह, राजकुमार सोलंकी,नरेश शर्मा व कृष्ण गुलियाना समेत बड़ी तादाद में कर्मचारी,मजदूर व परियोजना कर्मी मौजूद रही।

## कैथल में चोर गिरफ्तार, आरोपी से चोरीशुदा दो बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

दुपहिया वाहन चोरो पर एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार शिकंजा कसते हुए एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा एक आरोपी को काबू कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से 2 चोरीशुदा बाइक बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्योड़क निवासी सन्नी की शिकायत अनुसार 19 जून को अंबाला रोड़ कैथल स्थित स्मार्ट स्टोर के पास से उसकी बाइक अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज किया गया था। प्रवक्ता ने बताया कि एसपी आस्था मोदी द्वारा एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ को दुपहिया वाहन चोरों पर शिकंजा कसने के आदेश दिए गए है। आदेशों पर खरा उतरते हुए एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एचसी ईश्म सिंह की टीम द्वारा एचसी लखविंद्र सिंह की सूचना पर आरोपी साहिल को काबू कर लिया गया। व्यापक पूछताछ दौरान आरोपी के कब्जे से उपरोक्त मामले में चोरीशुदा बाइक को बरामद करने के अतिरिक्त 1 अन्य चोरीशुदा बाइक बरामद की गई।

### एएसआई से एसआई बने रामचंद्र

**कैथल।** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि रामचंद्र सिंह को एएसआई से सब इंस्पेक्टर के पद पर प्रमोट होने पर एसपी आस्था मोदी ने स्टार लगा कर सम्मानित किया। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि प्रमोशन प्राप्त करने पर पुलिस कर्मचारी के कंधों पर जिम्मेदारी बढ़ जाती है। क्योंकि प्रमोशन के साथ नई जिम्मेदारी मिलती है। इसलिए इस जिम्मेदारी को निष्ठा से निभाना। प्रमोशन पाने वाले एसआई रामचंद्र ने कहा कि विभाग की ओर से जो भी काम दिया जाएगा उसे पूरी निष्ठा से किया जाएगा। एसआई रामचंद्र थाना गुहला में कार्यरत है।

## टावर से उपकरण चोरी में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

टावर से आर.आर.यु. उपकरण चोरी करने के मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह व महिला एचसी सुदेश की टीम द्वारा आरोपी गांव गोहिदा जिला करनाल निवासी पवन उर्फ पोल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला जींद के गांव दालमवाला निवासी रणबीर सिंह की शिकायत अनुसार वह आर.एस. सिक्योरिटी में सुपरवाइजर के पद पर कार्य करता है। जो आर.एस. कंपनी इंडस मोबाइल टावर की सुरक्षा की कार्य देखती है। गांव फरल में लगे टावर से 13 मार्च को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा टावर के ऊपर एक आरआरयु उपकरणों को चोरी कर लिया गया। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि उक्त मामले की जांच दौरान एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा 4 आरोपियों को गिरफ्तार करके टावरो से आर.आर.यु. उपकरण चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए टावरों से उपकरण चोरी करने की 18 वारदात सुलझाने में सफलता हासिल की गई थी। आरोपी पवन उर्फ पोल भी उक्त वारदात में अन्य आरोपियों के साथ था, जो निरंतर फरार चल रहा था। आरोपी के कब्जे से 3 हजार रुपए बरामद किए गए है। आरोपी सोमवार को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



**कैथल।** टावर से उपकरण चोरी करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में फोटो : हरिभूमि

- एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने आरोपी को पकड़ा



ध्रुव स्कूल की प्रिंसिपल प्रवीण ढिल्लो के साथ अभिभावक व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

## गर्मी की छुट्टियों के बाद आज खुलेंगे स्कूल, बच्चों में दिखा उत्साह

**पूंडरी।** गर्मी की लंबी छुट्टियों के बाद अब एक बार फिर स्कूलों में रौनक लौटने वाली है। प्रदेशभर के सरकारी और निजी स्कूलों में 1 जुलाई से कक्षाएं पुनः आरंभ हो रही हैं। गर्मी की तीव्रता के कारण मई महीने के अंतिम सप्ताह में छुट्टियाँ घोषित की गई थीं, जो अब समाप्त हो रही हैं। छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों और शिक्षकों में भी स्कूल दोबारा खुलने को लेकर उत्साह है। स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों के स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली हैं। कक्षाओं की साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। ध्रुव पब्लिक स्कूल पूंडरी के एम.डी. मुकेश अहलुवालिया ने कहा हमारे स्कूल में छात्रों की ऊर्जा और रचनात्मकता ही हमारे संस्थान की असली ताकत है। गर्मी की छुट्टियों के बाद हम फिर से एक नई उमंग और योजनाओं के साथ बच्चों का स्वागत करने को तैयार हैं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम में पीटीसी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पी एम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात आज अभिभावक-शिक्षक परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु ब्लॉक-वार पीटीसी सदस्यों का चुनाव किया गया।

सर्वप्रथम इतिहास प्रवक्ता जितेंद्र सिंह द्वारा समस्त अभिभावकों का स्वागत किया एवं बैठक के मुख्य बिंदुओं से अवगत कराया। बैठक की शुरुआत में प्राचार्य सुचिता गुप्ता द्वारा सत्र 2024-25 की विद्यालय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात अभिभावकों की सहभागिता से निम्नलिखित सदस्यों का चयन किया गयाः। कैथल ब्लॉक सेः कुलदीप सिंह, मुकेश कुमार, लखमीर सिंह, दर्शना देवी, गुहला ब्लॉक सेः मेहर सिंह, रिशीपाल, हरजिंदर सिंह, राजौंद ब्लॉक से संदीप कुमार, कृष्ण कुमार, वीरेंद्र बंवाल, कलायत ब्लॉक सेः संदीप मौन, रामनिवास, सोमदेव, सीवन ब्लॉक सेः जसबीर सिंह तथा पुंडरी ब्लॉक से अमित कुमार, रामदत्त, रणधीर सिंह, सुखवीर चंद को शामिल किया गया।



पी एम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय की पीटीसी फोटो : हरिभूमि



कलायत के गांव जुलानी खेड़ा में बैठक करते कश्यप समाज के लोग फोटो : हरिभूमि

### जुलानी खेड़ा में कश्यप निषाद संगठन की बैठक

**कलायत।** कलायत के गांव जुलानी खेड़ा में राष्ट्रीय कश्यप निषाद संगठन की अहम बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता दलीप सिंह ने की। बैठक में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में कश्यप समाज के लोग मौजूद रहे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रणबीर कश्यप ने इसमें बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। बैठक में समाज को संगठित करने, सामाजिक जागरूकता बढ़ाने व राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने जैसे कई मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। रणबीर कश्यप ने कहा कि जब तक समाज संगठित नहीं होगा तब तक वर्ग का विकास संभव नहीं। समाज को उसकी जनसंख्या के अनुसार अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा। राष्ट्रीय कश्यप निषाद संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप के निर्देशानुसार जन-जागरण अभियान चलाया जा रहा है।



माता मनसा देवी फतेहपुर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

## गुप्त नवरात्रि में माता दुर्गा की उपासना से जागृत होती हैं अद्भुत शक्तियां : पुजारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गुप्त नवरात्रि को साधना, तप, आराधना और आत्मिक जागरण का विशेष पर्व माना जाता है। माता मनसा देवी मंदिर फतेहपुर के प्रधान पुजारी संजीव ने बताया कि आषाढ़ मास में आने वाली यह गुप्त नवरात्रि आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। संजीव ने कहा कि गुप्त नवरात्रि में मां दुर्गा की विशेष आराधना करने से साधकों को दिव्य अनुभूतियाँ प्राप्त होती हैं। यह समय तंत्र-साधना, मन्त्र सिद्धि, कामना पूर्ति और साधनात्मक उपलब्धियों का द्वार खोलता है। आम नवरात्रियों में जहां सार्वजनिक पूजन होता है, वहीं गुप्त नवरात्रि में साधक एकांत में रहकर मंत्रोच्चारण, ध्यान, जप और हवन द्वारा साधना करते हैं।

उन्होंने बताया कि इस पावन काल में माता के ९ रूपों की गुप्त साधना करने से जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और विजय का मार्ग प्रशस्त होता है।

### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर लोगों ने रखी अपनी राय

# मरीज को बचाने के लिए जी-जान लगाते हैं डॉक्टर

- भगवान का दूसरा रूप मानमा जाता है डाक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

चिकित्सक किसी व्यक्ति को मौत के मुंह से बाहर निकाल सकते हैं। यही कारण है कि चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया गया है। केंद्र सरकार ने साल 1991 में 1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाने की शुरूआत की थी। इस दिन महान चिकित्सक डॉक्टर बिधानचंद्र रॉय की पुण्यतिथि भी होती है। उन्हीं को याद करते हुए और डॉक्टर्स के लिए कृतज्ञता दिखाते हुए ये खास दिन मनाया जाता है। डॉ. बिधानचंद्र रॉय एक महान डॉक्टर थे जो पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री भी रहे। डॉक्टर बिधानचंद्र रॉय ने महात्मा गांधी के कहने पर राजनीति में कदम रखा था। वो एक महान समाजसेवी, आंदोलनकारी और अच्छे राजनेता भी थे।आजादी के दौरान असहयोग आंदोलन में उन्होंने हिस्सा लिया। कुछ लोग उन्हें महात्मा गांधी और चाचा नेहरू के डॉक्टर के रूप में जानते थे। डाक्टर डे को लेकर हरिभूमि द्वारा नगर के विभिन्न चिकित्सकों से बातचीत की गई।



डा. जसजीत सिंह



डा. अमन चहल



डा. अश्वनी गोयत



डा. सितेंद्र गर्ग

#### जीवन बचाने को करते हैं कड़ी मेहनत : डा. जसजीत सिंह

सिग्नस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के वाइस प्रेजीडेंट डा. जसजीत सिंह ने कहा कि डा. मरीज क इल करने के लिए पूरा जी जान लगा देता है और यही कारण है कि वह मरीज को मौत के मुंह से भी बाहर निकाल लेता है। आपात स्थिति के दौरान कइं बार डाक्टर को भी कड़ी परीक्षा से गुजरना होता है लेकिन उसका लक्ष्य केवल मरीज को बचाना होता है।

#### रोते मरीज को हंसा सकता है डाक्टर

अमन अस्पताल की संचालक डा. अमन चहल ने कहा कि डाक्टर ही एक ऐसा इंसान है जो रोते हुए मरीज को हंसा सकता है। मरीज को बचाने के लिए डाक्टर अपनी खुद की भी परवाह नहीं करता तथा सभी कुछ दांव पर लगा देता है। डाक्टर मरीज के होठों पर हंसी ला सकता है। महिलाएं डिलीवरी के समय कराहते हुए अस्पताल आती हैं तथा चहकती हुई घर जाती हैं। डाक्टर दिवस की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सकों को चाहिए कि वे अपने पेशे को पूरी ईमानदारी व मेहनत से करें।

#### निःस्वार्थ भाव से करते हैं सेवा : डा. अश्विनी गोयत

जनता मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के निदेशक डा. अश्विनी गोयत ने सभी जिलावासियों को डाक्टस दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भगवान सबके जीवन की रक्षा खुद नहीं कर पाते इसलिए इस दुनिया में अपने रूप में डॉक्टर को भेज दिया। उन्होंने कहा कि सभी डाक्टर्स निःस्वार्थ भाव से मरीज की सेवा करते हैं। मरीजों को भी डाक्टस को सम्मान देना चाहिए।

#### डाक्टर जाति व धर्म से ऊपर उठकर करता है इलाज : डा. सितेंद्र गर्ग

लार्ड रामा सुपर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के निदेशक प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. सितेंद्र गर्ग सभी प्रदेशवासियों को डाक्टर दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि एक डॉक्टर कभी भी आपकी जाति या धर्म को देख इलाज नहीं करता, उसकी नजर में सभी एक जैसे होते हैं। यही कारण है कि एक सही डाक्टर इन सबसे ऊपर उठकर अपने पेशे से प्यार करता है। पूरी लगन व अनुभव के दम पर ही वह मरीज को बचाने में कामयाब होता है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**जींद।** गांव पाजू कलां में बस अड्डे के निकट के तेजफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सदर थाना सफीदों पुलिस की जांच कर रही है। गांव पाजू कलां निवासी सुरेंद्र की पत्नी रीतू खेत में ज्वार लेने जा रही थी। गांव के बस अड्डे से कुछ दूरी पर किसी तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

### हेरोइन सप्लाई मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** नशा तस्करों की जड़ मूल तक पहुंचने के लिए पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी द्वारा दिए आदेश पर 5.045 ग्राम हेरोइन सप्लाई के मामले में थाना गुहला पुलिस द्वारा सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 28 जून को चौकी रामथली पुलिस के पीएसआई पंकज की टीम अनाज मंडी के पास आरोपी खरकां निवासी रुपाराम उर्फ रुपी को काबू किया गया था।

### घर में घुस हत्या का एक और आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने गांव भिड़ताना घर में घुस तेजधार हथियार से हमला कर व्यक्ति की हत्या के एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। तीन आरोपितों को पुलिस पहले गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव भिड़ताना निवासी शिव कुमार ने गत 24 जून को पुलिस को पुलिस का दी शिकायत में बताया था। कि उनकी गांव के जयभगवान परिवार से रजिश चली आ रही है।

### घर में घुसकर महिला से की मारपीट, केस

**कैथल।** गांव सिनद में हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव सिनद की सुनील देवी ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 28 जून को शाम के गांव के ही शमशेर, आशु आदि ने उसे घर में घुसकर उसे पर डंडे तथा ईंटों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव सुदकैन खुर्द से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव सुदकैन निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 20 वर्षीय बेटी घर से संदिग्ध हालात में गायब हो गई। तलाशने करने कोई सुराग नही लगा। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### समाधान शिविर का फायदा उठाएं आमजन

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से सोमवार व वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आमजन की शिकायतें सुनी जाती हैं, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान करवाया जा सके।

### महिला से मारपीट करने पर एक नामजद

**जींद।** गांव भम्भेवा में महिला के साथ मारपीट करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव भम्भेवा निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही अमित से कहासुनी हो गई थी। जिस पर अमित ने उसके साथ मारपीट की। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

### सटोरिया दबोचा, 1570 रुपये नकदी बरामद

**कैथल।** चौकी रामथली पुलिस ने सटोरिये को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 1570 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी रामथली पुलिस के पीएसआई पंकज व एएसआई ईश्वर सिंह की टीम गश्त को सूचना मिली की खरकां के तरफ जाने वाली सड़क पर होटल के पास एक व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहा है।

---

राजकीय महाविद्यालय के सामने पुलिस तत्परता से टला खूनी संघर्ष

# महाविद्यालय में वर्चस्व को लेकर शरारती तत्वों में चौधर की जंग शुरू

**सुबह पुलिस ने खदेड़ा, दोपहर बाद फिर से मारपीट, तेजधार हथियारों की नुमाइश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कालेजों में दाखिला प्रकिया शुरू होने के साथ वर्चस्व को लेकर शरारती तत्वों के बीच चौधर को लेकर जंग शुरू हो गई है। जिसमें बाहरी युवक शिक्षण संस्थानों के बाहर गंडासे, चेन व अन्य तेजधार हथियारों के साथ अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हैं ताकि छात्रो में उनकी पहचान बने और नाम तथा गुट को लेकर खौफ पैदा किया जा सके। ऐसा कुछ सोमवार को राजकीय महाविद्यालय के गेट के सामने तथा उसके साथ लगती डीआरडीए मार्केट में देखने का मिला। जहां पर न केवल तेजधार हथियार लहराए गए। बल्कि मारपीट के साथ गाडी से टक्कर मार हमला भी किया गया। गनीमत यह रही कि किसी की ज्यादा चोटें नही आई। कालेज के बाहर खड़ी गाड़ी को जरूर नुकसान पहुंचा। जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती तक आपस में भिड़ रहे युवक हथियारों के फरार हो चुके थे।

राजकीय महाविद्यालय तथा हुडा मार्केट में शरारती तत्वों के जमावड़े की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना प्रभारी पुलिसबल के साथ पहुंचे और शरारती तत्वों को वहां से खदेड़ दिया। कुछ युवकों को उन्होंने फटकार भी लगाई। उस दौरान तो युवक भाग निकले। दोपहर बाद फिर आसपास मंडराने लगे। दोपहर बाद कुछ युवक राजकीय महाविद्यालय के गेट पर पहुचे और अपने साथी को माला डाल कर स्वागत कर रहे थे। उसी दौरान कार सवार युवक वहा पर आए और सीधी टक्कर स्वागत कर रहे युवकों को मार दी। जिसके साथ दोनों तरफ से तेजधार हथियार निकल आए। गनीमत यह रही कि टक्कर लगने से किसी युवक को गंभीर चोटें नही आई। वहां खड़ी एक गाड़ी जरूर दुर्घनाग्रस्त हो गई। जिसके बाद युवक हथियारों की नुमाइश करते गाड़ी के पीछे बाइकों से दौड़े। जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती तब तक युवक फरार हो चुके थे।



जींद। गोहाना रोड पर अभियान चलाए सिविल लाइन थाना प्रभारी।



जींद। बाइक पर हवा में लहराते तेजधार हथियार व छूटा युवक का जूता व गमछा।



**पहचान की जा रही**

सिविल लाइन थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि कानून व्यवस्था बिगाडने वालों तथा शाति भंग करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। सीसी टीवी फूटेज के आधार पर युवको की पहचान की जा रही है।

**गेट पर पुलिस तैनात होनी चाहिए**

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने बताया कि शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया। पीसीआर एक घंटा तैनात रहती है। कालेज के अंदर तो माहौल ठिक बना रहता है। बाहर जरूर शरारती तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। छुटटी होने तक कालेज गेट पर पुलिस तैनात होनी चाहिए।

**मार्केट के लोग भी परेशान**

राजकीय महाविद्यालय के निकट हुडा मार्केट आवारा तत्वों की शरण स्थली बनी रहती है। जहां पर अक्सर झगड़े होते रहते हैं। जिससे यहां पर काम करने वाले लोग भी परेशान रहते हैं। पहले राजकीय महाविद्यालय में पीसीआर छुट्टी होने तक तैनात रहती थी। अब महज एक घंटा ही तैनात रहती है। बाहरी तत्वों से निपटने के लिए कालेज स्टाफ को भी कड़ी मशक्त करनी पड़ती है। राजकीय महिला महाविद्यालय तथा राजकीय महाविद्यालय के छात्र व छात्राएं हुडा मार्केट के साथ गोहाना रोड से आते तथा जाते हैं।



जुलाना। तालाब पर बनाए गए टैंक। फोटो :हरिभूमि

# ड्राइंग के खिलाफ टैंक बनाने के लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के अटल पार्क के सामने तालाब का जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया गया था। तालाब के वार्ड तीन के पार्षद जितेंद्र लाठर, कुलदीप, कमला देवी, अनिल कुमार, गोविंद आदि लोगों ने तालाब के सौंदर्यीकरण में काफी खामियां मिली तो इसकी शिकायत नपा सचिव को दी है। जीर्णोद्धार पर साढ़े चार करोड़ रुपये की लागत आएगी। तालाब के सोंदर्यकरण के अनुसार तालाब के चारों तरफ मिट्टी लगाई जा रही है लेकिन मिट्टी के उपर रोलर नही चलाया गया है। जिससे कुछ समय बाद तालाब में मिट्टी गिरनी शुरू हो जाएगी और तालाब पिफर से अट जाएगा। लोगों ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी जुलाना में एक तालाब की खुदाई कर तालाब के चारों और मिट्टी लगाई गई थी लेकिन कुछ माह बाद ही मिट्टी में दरारें आनी शुरू हो गई और मिट्टी अब तालाब में गिर रही है। मिट्टी में बड़ी बड़ी दरारें आनी शुरू हो गई हैं। कस्बे के लोगों ने आरोप लगाया कि तालाब के सौंदर्यीकरण के काम में काफी खामियां हैं लेकिन इस ओर प्रशासन का कोई ध्यान नही है। तालाब के पास एक बाबा की कुटिया भी है, जहां रोजाना लोग आते जाते हैं। कुटिया के रास्ते को भी ठेकेदार ने रोक दिया है। इसके अलावा तालाब में पानी साफ करने के लिए बनाए जा रहे टैंक भी ड्राइंग के अनुसार नही बनाए जा रहे हैं। लोगों ने आरोप लगाए कि सौंदर्यीकरण में काफी खामियां हैं। मामले को गंभीरता जांच की मांग की है। नपा जुलाना सचिव सौरभ जैन ने बताया कि जुलाना के लोगों ने तालाब के सौंदर्यीकरण में हो रही खामियों की शिकायत दी है। शिकायत को उच्चाधिकारियों के पास भेज दिया है। कर्मचारियों को भेजकर जांच करवाई जाएगी।

**जांच होगी**

नपा चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने बताया कि तालाब के सौंदर्यीकरण के कार्य में हो रही अनियमिता की शिकायत मिली है। मौके पर जाकर जांच की जाएगी। जानबुझ कर सौंदर्यीकरण के कार्य में कमी छोड़ी गई है तो मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी।

# 131 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले के दौरान 157 युवाओं ने नौकरियों के लिए पंजीकरण करवाया, जिनमें से 131 युवाओं को पात्रता के अनुसार जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए। मेले में एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और प्रार्थियों व नियोक्ताओं को रोजगार मेले में भागीदारी व कौशल विकास के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए हर महीने इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ममता कुमारी ने बताया कि रोजगार मेले में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस द्वारा 45 युवाओं को, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस द्वारा 15, पुखराज हेल्थ केयर द्वारा 12, एलआईसी जीवन बीमा द्वारा 20, एलआर ऑटोमोबाइल द्वारा 19 तथा राजधानी ग्लाससेस द्वारा 20 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए। कार्यक्रम में रोजगार विभाग, राजकीय आईटीआई कैथल, श्रम विभाग कैथल, राजकीय बहू तकनीकी संस्थान चीका, एमएसएमई विभाग कैथल, उच्चतर शिक्षा विभाग व उद्योग विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



कैथल। एडीसी को सम्मानित करते सतीश मच्छाल और ममता कुमारी।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदर्शन आज

**पूंडरी।** हरियाणा सरकार द्वारा बिजली के रेटों में की गई बेतहाशा बढ़ोतरी से आमजन त्रस्त है। इससे प्रदेश के लाखों परिवारों का घरेलू बजट बुरी तरह से चरमरा गया है। सरकार की इस जनविरोधी नीति के खिलाफ इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) आगामी 1 जुलाई को प्रदर्शन करेगा। इनेलो हलका प्रधान सुरजीत पबनावा ने बताया कि बिजली दरों में वृद्धि से मध्यमवर्गीय, किसान, मजदूर और आम परिवारों पर महंगाई की दोहरी मार पड़ी है। सुरजीत पबनावा ने कहा कि यह केवल आर्थिक शोषण नहीं, बल्कि जनता की सहनशीलता की परीक्षा है। इनेलो इस अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने बताया कि पार्टी सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजारा के नेतृत्व में 1 जुलाई को पंचकूला स्थित शक्ति भवन पर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा।

# भूमि से जुड़े धोखाधड़ी के मामले से तंग आकर सल्फास खाकर दी जान

- मृतक के पास से चार पेज का सुसाइड नोट मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कुकरगंडा गांव में किसान ने जमीन से जुड़े धोखाधड़ी के मामले से तंग आकर सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए असंध के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां कल शाम को डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास से 4 पेज का सुसाइड नोट मिला है। घटना की सूचना के बाद राजौंद पुलिस करनाल के असंध में पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान गांव कुकरकडा के दिलबाग सिंह के रूप में हुई है। किसान दिलबाग सिंह ने मरने से पहले एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें उसने गांव के ही करनैल सिंह व उसके बेटे, सूबे सिंहव उसके बेटे, दिलबाग व उसके लडके पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और धोखे से जमीन किसी अन्य के नाम रजिस्ट्री करवाने का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार, दिलबाग ने इस मामले को लेकर घर पर कुछ भी नहीं बताया था। परिजनों को घटना के पीछे की असली वजह सुसाइड नोट के माध्यम से ही पता चली।

**मामले की जांच कर रही पुलिस**

राजौंद थाना के एसआई सुरजीत सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। दिलबाग सिंह के पास से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। सुसाइड नोट में साफतौर पर जमीनी विवाद का जिक्र है और जिन लोगों के नाम इसमें लिखे हैं, उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।



राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम थाना का निरीक्षण करते।

**महिला थाने का औचक निरीक्षण**

**कैथल।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम द्वारा सोमवार को शहर थाना तथा महिला पुलिस थाना का औचक निरीक्षण किया गया। टीम में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी, मांगेराम शर्मा तथा बाल कल्याण समिति से सदस्य कृष्ण लाल शर्मा, राजेश कुमार, तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के परामर्शदाता राजबीर सिंह शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चाइल्ड फ्रेंडली रूम का दौरा किया लेकिन दोनों ही पुलिस थानों में यह रूम नहीं पाए गए। इस पर संबंधित थाना प्रभारी द्वारा उन्हें आश्वासन दिया गया कि वे जल्द की पुलिस थानों में चाइल्ड फ्रेंडली रूम की व्यवस्था करवाएंगे। इसके साथ ही थाना शहर कैथल में कहीं अनियमितताएं भी पाई गई वहां पर चाइल्ड फ्रेंडली रूम नहीं पाए गए तो वहीं वेटिंग एरिया का भी अभाव था। इसके साथ ही शहर थाना कैथल की इमारत अत्यधिक पुरानी होने के कारण उसके गिरने की आशंका भी जताई गई। मीना कुमारी ने कहा कि संबंधित थाना प्रभारी को आदेश दिए कि वे बाल अधिकारों की ओर विशेष ध्यान दें।

# ट्रेन से टकरा कर आत्महत्या का प्रयास

**दोनों घायल, रिश्ते में चाचा-भतीजी घायल युवक व युवती**

- युवती बीए दूसरे वर्ष की छात्रा, युवक करता है खेतीबाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उचाना अनाज मंडी के पीछे दिल्ली-भटिंडा रेलवे लाइन पर सोमवार को मालगाड़ी से टकरा कर युवक तथा युवती ने आत्महत्या की कोशिश की। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवक तथा युवती रिश्ते में चाचा-भतीजी हैं। दोनों को गंभीर हालात देखते हायर इंस्टीच्यूट रेफर किया है। फिल्हाल यह खुलासा नही हो पाया है कि आखिर दोनों ने कदम क्यों उठाया। मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़ कर देखा जा रहा है। रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है। उचाना मंडी के पीछे रेलवे लाइन पर सोमवार को एक लड़का तथा लड़की ने वहां से गुजर रही मालगाड़ी को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों को उचाना नागरिक अस्पताल पहुंचाया। घायल युवक की पहचान उचाना के नजदीकी गांव के अकित 24 साल तथा युवती की पहचान उसी गांव की ही मंजू 18 के रूप में हुई। घायल अंकित युवती का रिश्ते मे चाचा लगाता है। एक ही परिवार से सबध रखते हैं। युवती उचाना के निजी शिक्षण संस्थान में बीए दूसरे वर्ष की छात्रा है। जो सोमवार को सुबह परीक्षा देने के लिए घर से कालेज के निकली थी। जबकि अंकित शादीशुदा है और खेतीबाड़ी करता है। फिलहाल दोनों की गंभीर हालात देखते हायर इंस्टीच्यूट रेफर किया है। दोनों ने यह कदम क्यों उठाया, यह उनके होश में आने के बाद संभव हो पाएगा। फिलहाल रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है। रेलवे थाना प्रभारी चरण सिंह ने बताया कि युवक तथा युवक ने मालगाड़ी के आगे आत्महत्या की कोशिश की है। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजी हैं।



जींद। प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

**बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीते छह पदक**

**जींद।** स्टेट सीनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते छह पदक अपने नाम किए हैं। गत 27 से 29 जून तक पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में जिले से दस पुरुष और दस महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें से छह खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में जिले को दो स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक हासिल हुए। 50 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल मुकाबले में अनिकेत ने भिवानी के बॉक्सर को 5-0 से हरा कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं 80 किग्रा भारवर्ग में स्वाति ने कैथल की बॉक्सर को एक तरफा मुकाबले में 5.0 से मात देते हुए दूसरा गोल्ड अपने नाम किया। वहीं 90 किग्रा भारवर्ग के फ इनल में नवदीप बडनपुर को कड़े मुकाबले में भिवानी के बॉक्सर से हार का सामना करना पड़ा।

**बैठक** एडीसी ने ली सड़क सुरक्षा, सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक, दिए निर्देश

# राज्य और राष्ट्रीय मार्गों पर तुरंत प्रभाव से बंद किए जाएं अवैध कट : एडीसी

सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत जिला में हो सुरक्षा के व्यापक प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत जिला में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध नियमित चाक चैबंद होने चाहिए ताकि सम्भावित दुर्घटना से बचा जा सके। जितने भी राज्य या राष्ट्रीय राजमार्गो पर अवैध कटों का तुरंत बंद करवाना सुनिश्चित करें।

अगर किसी मार्ग पर कोई दुर्घटना घटित होती है तो पुलिस विभाग, एनएचएआई व अन्य संबंधित विभागों के तालमेल करके तुरंत कार्यवाही करें। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिहिन्त करके संबंधित विभाग वहां पर प्रतिकात्मक चिन्हए कैट आई सफेद पटियों को दुरूस्त रखें। एडीसी विवेक आर्य सोमवार को एडीसी कार्यालय के सभागार में सड़क सुरक्षा, सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इस मौके पर एंजेडें में शामिल सभी बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि नैशनल हाईवे पर पुलिस व संबंधित विभाग नियमिति रूप से पेट्रोलिंग करते रहे अगर कोई वाहन ओवर स्पीड मिलता है तो उसका तुरंत नियमानुसार चालाना करना सुनिश्चित करें। सड़क के दोनों और पेड़ों की छंटाई की जाए। एडीसी विवेक आर्य ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यातायात नियमों की उल्लघंना करने वाले व्यक्तियों के अधिक से अधिक चालान करें। मई माह ओवरस्पीड के 693, नंबर प्लेट के 290, ट्रिपल राइडिंग के 158, रिफ्लेक्टर के 73, शराब पीकर वाहन चालने वाले दो व्यक्तियों के चालान किए गए है। इसी प्रकार ब्लैक फिल्म लगे सात वाहनों, लापरवाही से वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के पांच चालान किए जा चुके है। इसी प्रकार 49 वाहनों में घोर अनियमितता पाए जाने पर इंपाउंड किए गए है।




सड़क सुरक्षा, सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक लेते एडीसी विवेक आर्य।



उचाना कलां के मानव रहित फाटक की जगह बने अंडरपास में भरा पानी।

**अंडरपास में भरा पानी बना परेशानी**

**उचाना।** उचाना कलां की मानव रहित फाटक की जगह बने अंडरपास में दो दिन के बाद भी पानी की निकासी नहीं हुई है। शनिवार शाम को तेज बारिश के बाद अंडरपास में जलभराव हो गया था। पहले की अपेक्षा पानी कम हुआ है लेकिन अब भी पानी भरा होने के चलते यहां से आवागमन करने वाले विशेषकर दो पहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हर बार बारिश के बाद अंडरपास में पानी की निकासी को लेकर परेशानी होती है। चालक बार-बार यहां पर नियमित रूप से साफ.-सफाई करने के साथ-साथ पानी की निकासी का पुख्ता प्रबंध करने की मांग करते आ रहे है। दो पहिया वाहन तो कई बार पानी के अंदर ही बंद हो जाते है। वाहनों की नंबर प्लेट भी पानी अधिक होने के चलते पानी में अंदर टूट कर रह जाती है। मनोज, अनिल, सुभाष, कपिल ने कहा कि बारिश दो दिन पहले होने के बाद भी अंडरपास में जलभराव है। जलभराव होने से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। यहां पर नियमित रूप से साफ.-सफाई जब तक नहीं होती है तब तक पानी की निकासी को लेकर ऐसे ही परेशानी होगी। अंडरपास पर शैड बनाने का काम चल रहा है।